प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – विकसित भारत के लिए होगा कल का बजट, सांसदों को नकरात्मक राजनीति नहीं करने की दी सलाह।

2- संसद में नीट पेपर लीक के मुद्‌दे पर हुआ हंगामा, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा– सीबीआई कर रही जांच, मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन।

3- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण।

4- सावन की पहली सोमवारी, देवघर के बैद्यनाथ धाम और दुमका के बासुकीनाथ समेत राज्य के शिवालयों में जलार्पण को उमड़ रहे शिवभक्त।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा।

श्री मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठने और अगले साढ़े चार वर्ष के लिए अपने आप को देश के लिए समर्पित करने का आग्रह किया।

****

आज से संसद का बजट सत्र शुरू हो गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही नीट के मुद्‌दे पर हंगामा हुआ। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या है। उन्होंने इस मुद्दे पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की आलोचना कीं ।वहीं समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन समेत कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने पेपर लीक का मामला सदन में उठाया। इसपर जवाब देते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा है कि देश में अब तक पटना के पास नीट– यूजी पेपर लीक की केवल एक घटना सामने आई है। उन्होंने कहा, मामले की जांच सीबीआई कर रही है और नीट परीक्षा का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया कि देश में पेपर लीक की घटनाएं बड़े पैमाने पर हो गई हैं।

श्री प्रधान ने बताया कि नीट यूजी परीक्षा के आयोजन के लिए बनाये गये चार हजार 700 केंद्रों में से केवल एक जगह से विसंगतियों और कदाचार की सूचना मिली है.

****

सुप्रीम कोर्ट में अभी नीट यूजी 2024 परीक्षा में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित मामलों की सुनवाई की जा रही है।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आज वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। कल संसद में केन्दीय बजट पेश होगा।

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा जेटेट के लिए कल से आवेदन जमा होगा। जैक ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जैक की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन ऑनलाइन जमा लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में 7 वर्ष की छूट मिलगी।

****

गुमला जिले में साइंस ओलंपियाड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 26 बालिकाओं को शिक्षिकों और अधिकारियों की निगरानी में शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेजा गया है।

****

सावन की पहली सोमवारी पर देवघर के बाबा मंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। देवघर में सुबह चार बजे बाबा मंदिर का पट खुलते ही कतारबद्ध कांवरियों को अर्घा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। इधर दुमका जिले के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भोर तीन बजे सरकारी पूजन के बाद अरघा के माध्यम से जलार्पण कर रहे हैं। राजधानी रांची में पहाड़ी मंदिर, खूंटी के आम्रेश्वरधाम के अलावा लोहरदगा जिला और कोडरमा में भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। झुमरी तिलैया में जंगलों के बीच अवस्थित झरनाकुंड धाम में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है।

****

विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं को बाबा नगरी में राज्य सरकार द्वारा विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इसी के तहत् बाबा बैद्यनाथ एप्प का निर्माण किया गया है। इस एप्प के माध्यम से बैद्यनाथधाम से संबंधित कई प्रकार की जानकारी के साथ कांवरियों की वास्तविक कतार की जानकारी भी मिलती रहेगी।

****

हजारीबाग को सावन में स्पेशल ट्रेन की सौगात दी गई है। इसके तहत बाबा धाम स्पेशल ट्रेन का हजारीबाग टाउन स्टेशन पर स्वागत किया गया। स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार ने ट्रेन के समय सारिणी की जानकारी दी।

****

कोडरमा थाना अंतर्गत घाटी नौवां माइल के पास आज सुबह लोहा लदे एक ट्रेलर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रेलर बंगाल से लोहा लोड कर बिहार की तरफ जा रहा था।

****

राज्य सरकार ने रामगढ़ एसपी विमल कुमार का तबादला कर दिया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने रविवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। रामगढ़ एसपी को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने को कहा गया है। वहीं दूसरी ओर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रामगढ़ के टाउन थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

****

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने भारतीय ओलंपिक संघ को पैरिस ओलंपिक अभियान के लिए आठ करोड़ पचास लाख रुपये देने की घोषणा की है। युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख माडंविया ने आर्थिक सहायता देने के लिए श्री शाह को धन्यवाद कहा है।

*******समाप्त*************